शिक्षा का अधिकार

समग्र शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

# राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल–462 011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561

**क्र./पाठ्यक्रम/राशिके/2026/** 19

**भोपाल, दिनांक** 6/1/26

**प्रति**

जिला परियोजना समन्वयक
समस्त जिले, मध्यप्रदेश

**विषय: EQIP-LEP (2025-26) के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों की एंडलाइन परीक्षा आयोजित किए जाने के संबंध में।**

Education Quality Improvement Program (EQIP) - Learning Enhancement Program (LEP 2025-26) के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों की अधिगम स्तरों में सुधार एवं कार्यक्रम के प्रभाव का आकलन किए जाने हेतु एंडलाइन परीक्षा आयोजित की जाना प्रस्तावित है।

उल्लेखनीय है कि परियोजना के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 की बेसलाइन परीक्षा दिनांक **18.09.2025** को सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन कार्यशालाएँ/वेबिनार आयोजित किए जा रहे हैं, जो निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दिनांक **15 जनवरी 2026** तक संपन्न होंगे।

उक्त शैक्षणिक गतिविधियों के उपरांत विद्यार्थियों में हुए शैक्षणिक विकास एवं अधिगम स्तर में हुई प्रगति का आकलन करने के उद्देश्य से **एंडलाइन परीक्षा** निम्न विवरण अनुसार आयोजित की जाएगी:

- **कक्षाएँ: 6 से 8**
- **परीक्षा माध्यम: ऑनलाइन मोड**
- **तिथि: 27 से 30 जनवरी 2026**
- **प्रश्नों की कुल संख्या - 25 (प्रति विषय 5 प्रश्न)**
- **परीक्षा अवधि - 30 मिनट**

एंडलाइन आकलन कंप्यूटर/टैबलेट/मोबाइल के माध्यम से किया जाएगा, जिसकी भरने की प्रक्रिया *परिशिष्ट-1* में संलग्न है, जिसमें एक समय में केवल एक ही छात्र का आकलन किया जा सकेगा। एक छात्र के आकलन के पश्चात अगले विद्यार्थी का आकलन किया जाएगा। अतः सुविधा की दृष्टि से विद्यालय के अन्य शिक्षकों का सहयोग भी लिया जा सकता है। एंडलाइन परीक्षा के माध्यम से बेसलाइन परीक्षा की तुलना में विद्यार्थियों की प्रगति एवं सीखने के स्तर में हुए सुधार को प्रदर्शित किया जाएगा।

समस्त संबंधित विद्यालयों से अपेक्षा है कि वे परीक्षा के सुचारु आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करें, जैसे–उपयुक्त उपकरणों की उपलब्धता, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा दिशा-निर्देशों के अनुसार पर्यवेक्षण, ताकि अधिकतम विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

परीक्षा से संबंधित विस्तृत समय-सारणी, लॉगिन विवरण एवं तकनीकी दिशा-निर्देश पृथक से शीघ्र साझा किए जाएंगे।

6/1/26

**(शीतांशु शुक्ला)**
**अपर संचालक**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

**क्र./पाठ्यक्रम/राशिके/2026/ 20** **भोपाल, दिनांक -6/1/25**

**प्रतिलिपि-**

1. कलेक्टर, समस्त जिले म.प्र. को सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले म.प्र. को सूचनार्थ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त जिले, मध्य प्रदेश की ओर सूचनार्थ।
4. सहायक परियोजना समन्वयक अकादमिक, समस्त जिले, मध्य प्रदेश की ओर सूचनार्थ।

6/1/26

**अपर संचालक**

**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

# ऑनलाइन परीक्षा हेतु निर्देश

1. **परीक्षा का माध्यम**

   परीक्षा कंप्यूटर/टैबलेट/मोबाइल के माध्यम से **ऑनलाइन OMR प्रारूप** में किया जाएगा।

2. **लॉग-इन एवं परीक्षा प्रारंभ**
   - परीक्षार्थी निर्धारित समय से पूर्व उपलब्ध कराए गए **लिंक/लॉग-इन विवरण** के माध्यम से लॉग-इन करें।
   - लॉग-इन के पश्चात परीक्षार्थी को अपना नाम, कक्षा एवं अन्य आवश्यक विवरण निर्धारित स्थान पर सावधानीपूर्वक भरना होगा।
   - परीक्षा प्रारंभ करने से पूर्व स्क्रीन पर प्रदर्शित सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
   - परीक्षा प्रारंभ होते ही **टाइमर स्वतः चालू हो जाएगा**।

3. **प्रश्न पत्र का प्रारूप**
   - प्रश्न पत्र **बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQ)** पर आधारित होगा।
   - प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार विकल्प (A, B, C, D)** दिए जाएंगे।
   - प्रत्येक प्रश्न का **केवल एक सही उत्तर** होगा।

4. **ऑनलाइन OMR भरने की विधि**
   - किसी प्रश्न का उत्तर देने के लिए संबंधित विकल्प के **गोले (बबल)** पर क्लिक/टैप करें।
   - चयनित विकल्प **हाइलाइट** होकर दिखाई देगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि उत्तर दर्ज हो गया है।
   - यदि उत्तर बदलना हो, तो किसी अन्य विकल्प पर क्लिक/टैप करें। पूर्व चयन स्वतः हट जाएगा।
   - प्रत्येक प्रश्न में **केवल एक ही विकल्प** का चयन करें।

5. **प्रश्नों के बीच नेविगेशन**
   - प्रश्नों के बीच आने-जाने के लिए **Next / Previous** बटन का उपयोग करें।
   - टाइमर समाप्त होने से पहले किसी भी प्रश्न के उत्तर को देखा या बदला जा सकता है।

6. **समय सीमा (टाइमर)**
   - परीक्षा की शेष समय-सीमा स्क्रीन पर निरंतर प्रदर्शित होती रहेगी।
   - निर्धारित समय समाप्त होने पर परीक्षा **स्वतः सबमिट** हो जाएगी।
   - परीक्षार्थियों को समय का उचित प्रबंधन करने की सलाह दी जाती है।

7. **परीक्षा सबमिशन**
   - सभी प्रश्न हल करने के पश्चात **Submit** बटन पर क्लिक करें।
   - एक बार सबमिट करने के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं होगा।

8. **तकनीकी निर्देश**
   - परीक्षा के दौरान **स्थिर इंटरनेट कनेक्शन** सुनिश्चित करें।
   - परीक्षा के समय ब्राउज़र को रिफ्रेश या बंद न करें।
   - किसी भी तकनीकी समस्या की स्थिति में तुरंत संबंधित शिक्षक/परीक्षा समन्वयक को सूचित करें।

9. **सामान्य निर्देश**
   - परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग न करें।
   - स्क्रीन पर प्रदर्शित सभी निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा।
   - परीक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।